# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

www.wagadsandesh.com

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-322 सागवाड़ा,शुक्रवार, 12 अगस्त, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# संभाग के दूसरे सबसे बड़े सोमकमला बाँध के 2 गेट खोले

## दस-दस सेंटीमीटर गेट खोलकर की जा रही 1594 क्यूसेक पानी की निकासी

**आसपुर।** डूंगरपुर जिले में रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है। इधर बारिश के चलते नदियों व बांधो में पानी की आवक हो रही है। जिसके चलते डूंगरपुर जिले के आसपुर में स्थित संभाग का दूसरा सबसे बड़ा सोमकमला आम्बा बाँध भर गया है। जिसके चलते सिंचाई विभाग ने बाँध के दो गेट खोल दिए है। बाँध के दो गेटो को दस-दस सेंटीमीटर खोलकर 1594 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। वही बाँध में 2,361.11क्यूसेक पानी की आवक हो रही है। डूंगरपुर व उदयपुर जिलो में अच्छी बारिश के बाद तालाब, नदियों व बांधो में पानी की आवक लगातार जारी है। तालाब व बांधो में पानी की आवक होने से जल स्तर बढ़ रहा है।

इसी के तहत डूंगरपुर जिले के आसपुर में स्थित संभाग का दूसरा सबसे बड़ा सोमकमला आम्बा बाँध भर गया है। जिसके चलते आज शुक्रवार को 9.30 बजे बाँध के गेट संख्या एक और 13 को दस-दस सेंटीमीटर खोले गए हैं। दोनों गेटों से करीब 1594 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। वही 2,361.11क्यूसेक पानी की आवक भी हो रही है। पानी की बढ़ती आवक को लेकर सवेरे विभाग के अधिकारियों ने नदी के मुहाने का निरीक्षण भी किया। वहीं गेट खोलने से पहले विभाग की ओर से नदी किनारे से लोगों को हटने के लिए सायरन भी बजा दिया गया है और ग्रामीणों को सतर्क भी कर दिया गया है।

बांध में पानी की बढ़ती आवक को लेकर दो दिनों से आला अधिकारी मौके पर ही डेरा डाले हुए थे। वही सिंचाई विभाग के एक्सईएन चंद्र प्रकाश जैन ने बताया कि विभाग के कर्मी मौके पर हर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। हर घंटे में उच्चाधिकारियों को रिपोर्टिंग की जा रही है। बांध में लगातार पानी की आवक के कारण इस में हिलोरें मारती अथाह जल राशि को देखने के लिए काफी लोग पहुंच रहे हैं। बांध के गेट खुलते ही रमणीय स्थल के रूप में दिखाई दे रहा है। मौके पर एसई फूल सिंह मीणा, एक्सईएन सीपी जैन, एसडीएम दिव्यराज सिंह चुंडावत, एईएन बहादुर सिंह राठौड़, जेईएन विकेश डामोर, दिनेश पाटीदार,जयराज सिंह सहित आला अधिकारी मौके पर रहे।

# साढ़े 3 लाख से अधिक स्कूली बच्चों ने एक साथ एक समय में देशभक्ति गीतों का किया गायन

## आजादी का अमृत महोत्सव, जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग ने बनाया रिकॉर्ड



**डूंगरपुर ।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत प्रदेशव्यापी आव्हान पर डूंगरपुर जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग ने रिकॉर्ड बनाया है। जिसके तहत जिले के सरकारी व निजी स्कूलों के साढ़े 3 लाख से अधिक बच्चो ने एक साथ एक समय पर देशभक्ति गीतों का गायन कर ये रिकॉर्ड बनाया है। जिला मुख्यालय पर लक्ष्मण मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में साढ़े तीन हजार बच्चो के साथ जनप्रतिनिधियो व अधिकारियो ने देशभक्ति गीतों का गायन किया। प्रदेशव्यापी आव्हान पर डूंगरपुर जिले में भी आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्कूली बच्चो ने एक साथ देशभक्ति गीतों का गायन कर रिकॉर्ड बनाया है। डूंगरपुर जिले के माध्यमिक शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी अमृतलाल कलाल ने बताया की सरकार की ओर से मिले निर्देशानुसार आज जिलेभर में सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के बच्चों ने एक साथ देशभक्ति गीतों का गायन किया। उन्होंने बताया की जिसके तहत डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर स्थित लक्ष्मण मैदान में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। कायर्क्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री शंकर यादव रहे। वही कार्यक्रम में पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा, कलेक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव,एसपी राशि डोगरा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान सरकारी व निजी स्कूलों के 3 हजार 500 बच्चो ने एक साथ एक समय पर देशभक्ति गीतों का गायन किया। वही उनके साथ जनप्रतिनिधियों व अधिकारियो ने भी देशभक्ति गीत गाये। जिला शिक्षा अधिकारी अमृतलाल कलाल ने बताया की इसके अलावा ब्लाक स्तर व स्कूल स्तर पर देशभक्ति गीत का गायन किया गया। उन्होंने बताया की डूंगरपुर जिले में सरकारी व गैर सरकारी 2 हजार 730 स्कूलों के 3 लाख 63 हजार 836 बच्चो ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत एक साथ एक समय पर देशभक्ति गीतों का गायन कर रिकॉर्ड बनाया है।

# डूंगरपुर में आज 75 फीट लंबे तिरंगे के साथ तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी

**डूंगरपुर ।** राष्ट्र के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर डूंगरपुर जिले में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत तिरंगा यात्रा आयोजन समिति का गठन कर तैयारियों को अमली जामा पहनाया जा रहा है। इसी क्रम ने आज समिति की ओर से दो दिवसीय कार्यक्रमों के बारे में रामबोला मंदिर में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

तिरंगा यात्रा आयोजन समिति के संरक्षक महंत शिवशंकर दास ने प्रेस वार्ता में बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 अगस्त को शहर में 75 फीट लंबे तिरंगे के साथ तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।

यह तिरंगा यात्रा पुराना हॉस्पिटल से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरेगी और गैपसागर की पाल पर आकर यात्रा का समापन होगा। वही 14 अगस्त को रूपारो भारत-रूपारो डूंगरपुर थीम के तहत शाम 5:00 बजे शहीद पार्क से एक वाहन रैली निकाली जाएगी जो कॉलेज रोड होते हुए गैपसागर की पाल पर पहुंचकर समाप्त होगी। वाहन रैली के समापन पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा भारत की आजादी का 75 वा अमृत महोत्सव के मौके पर 1001 दीपों को के साथ भारत माता की आरती की जाएगी।

इस दौरान गैपसागर की पाल पर 75 क्रांतिकारियों और महापुरुषों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। महंत ने बताया कि कार्यक्रमों के दौरान आम जन को तिरंगे वितरित किए जाएंगे साथ ही हर घर पर तिरंगा लहराने ओर तिरंगे झंडे की गरिमा तथा सम्मान को बनाए रखने की अपील की जाएगी।

# लट्ठ और हथियार लेकर बदमाशों का कार पर हमला

## 300 मीटर तक रिवर्स भगाई, गड्ढे में जाकर पलटी, लोगों के आने से भागे, लूटपाट के लिए वारदात

**डूंगरपुर।** दोवड़ा थाना क्षेत्र में वस्सी से खेड़ा रोड पर लट्ठ और हथियार लेकर खड़े बदमाशो ने कार पर हमला कर दिया। बचने के लिए कार का ड्राइवर 300 मीटर तक कार को रिवर्स भगाता रहा। लेकिन कार सड़क किनारे एक गड्ढे में जाकर पलट गई। इसके बाद भी बदमाशो ने लूटपाट के इरादे से युवक के साथ मारपीट की। दूसरे लोगों के आ जाने से बदमाश भाग गए।

दोवड़ा थाना क्षेत्र के गरडा निवासी कमलेंद्र सिंह (21) पुत्र राजेन्द्र सिंह गुरुवार देर रात के समय कार लेकर अपने घर से डूंगरपुर जा रहा था। मालाजी मंदिर से आगे निकलते ही सुनसान जगह पर 10 से ज्यादा बदमाश लट्ठ और हथियार लेकर सड़क पर खड़े थे। कार के आते ही बदमाशो ने हमला कर दिया। कार के बोनट और कांच पर लट्ठ ओर पत्थर मारे। बदमाशो ने कार का दरवाजा खोलकर कमलेंद्र सिंह को बाहर निकालने का प्रयास किया। लेकिन कमलेंद्र सिंह ने बदमाशो से बचने के लिए कार को रिवर्स लेते हुए भगाई। बदमाश पीछा करते हुए कार पर हमला करते रहे और पत्थर बरसाते रहे। करीब 300 मीटर तक रिवर्स जाकर कार सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। इसके बाद भी बदमाश कार तक आकर जमकर लट्ठ मारे। कमलेंद्र सिंह के साथ मारपीट करने लगे। इतने में सड़क पर कुछ वाहनधारी आ गए। उनके डर से बदमाश भाग गए। वही कमलेंद्र सिंह के पीछे ही उसके पिता राजेंद्र सिंह भी दूसरी गाड़ी लेकर आ रहे थे। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग इकट्ठे हो गए। घटना की सूचना पर दोवड़ा थाने से गजराजसिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी ली। पीड़ित कमलेंद्र सिंह ने बदमाशो का हुलिया बताया। वही कुछ लोगो ने बदमाशो की पहचान करते हुए पुलिस को जानकारी दी। जिस पर पुलिस बदमाशो की तलाश कर रही है। वही देर रात को ही गड्ढे में गिरी कार को जेसीबी से बाहर निकाला। वहीं सुनसान सड़कों पर बदमाशो की मारपीट, लूटपाट की बढ़ती घटनाओं पर लोगों में आक्रोश है। लोगों ने गश्त बढ़ाने के साथ बदमाशो पर अंकुश लगाने और गिरफ्तार करने की मांग की है।

# देश के 14वें उप राष्ट्रपति बने जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को जगदीप धनखड़ को 14वें उप राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई। राष्ट्रपति भवन में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई नेता मौजूद रहे। 6 अगस्त को हुए उप राष्ट्रपति के चुनाव में धनखड़ ने विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को हराया था। धनखड़ को कुल 725 में से 528 वोट मिले थे, जबकि अल्वा को 182 वोट मिले।

# गौवंश में फैली लम्पी स्कीन डिजीज महामारी के उपचार एवं रोकथाम के लिए जिला प्रशासन एवं पशुपालन विभाग सतर्क रहें: शाले मोहम्मद

**जयपुर।** अल्पसंख्यक मामलात मंत्री शाले मोहम्मद ने कहा की गौंवश में फैली लम्पी स्कीन डिजीज महामारी के उपचार एवं रोकथाम के लिए टोंक जिला प्रशासन एवं पशु पालन विभाग सतर्क रहें। महामारी को रोकने के लिए हर स्तर पर उचित प्रबंध किये जाये। उन्होंने पशुपालन विभाग के चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये की सर्वे कार्य में पूरी गम्भीरता बरती जाये, ताकि इस बीमारी को नियत्रिंत किया जा सके। जिला प्रभारी मंत्री ने शुक्रवार को टोंक के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित लम्पी स्किन डिजीज की रोकथाम एवं राज्य सरकार की फ्लैगशीप स्किम को लेकर जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। जिला प्रभारी मंत्री ने गौंवश में फैली लम्पी स्किन डिजीज के बारे में पशुपालन विभाग के उपनिदेशक से जिले में अब तक की स्थिति के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने सर्वे किये गये पशुओं, प्रभावित पशुओं, मृत पशुओं, उपचारित पशुओं एवं पशुपालकों को जागरूक करने के संबंध में विस्तार से फीडबैक लिया। उन्होंने कहा की पशुपालकों एवं लोगों को जागरूक करें कि बीमारी से ग्रसित पशुओं से अन्य पशुओं को अलग रखें। मृत पशुओं का निस्तारण प्रभावी ढ़ग से गड्ढे खोदकर किया जावे, ताकि अन्य पशुओं में यह बीमारी नही फैले। राज्य सरकार की फ्लैगशिप स्किम की समीक्षा करते हुए शुद्व के लिए युद्ध अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने के जिला रसद अधिकारी को निर्देश दिये। उन्होनें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी देवप्राज मीणा को मुख्यमंत्री निशुल्क जाँच एवं दवा योजना का लाभ मरीजों को शत प्रतिशत देने के लिए निर्देशित किया। कोविड वैक्सिनेशन की बूस्टर डोज की गति बढाने पर जोर दिया।

जिला प्रभारी मंत्री ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से महात्मा गाँधी अग्रेंजी माध्यम के विद्यालयों में बच्चों के नामांकन की स्थिति एवं इंग्लिश स्पोकन की जानकारी ली। उन्होने सिलिकोसिस बीमारी से पीड़ित मरीजों को आर्थिक सहायता देने में देरी नहीं करने के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक को निर्देशित किया।

# पत्नी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार, अवैध संबंधो के चलते की थी हत्या

**डूंगरपुर।** जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के थाणा रेडा फला गाँव में पति द्वारा पत्नी की हत्या के मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पति ने अवैध संबंधो के संदेह के चलते अपनी पत्नी की सिर पर खुरपी मारकर हत्या कर दी थी। वही थाने पहुंचकर आरोपी पति ने हत्या करना कबूल किया था।

डूंगरपुर जिले के कोतवाली थाने के उप निरीक्षक मोहनलाल ने बताया की थाना क्षेत्र के थाणा रेडा फला गांव निवासी जितेंद्र बरंडा को अपनी पत्नी 30 वर्षीय अनिता बरंडा पर चरित्र को लेकर संदेह था। चरित्र पर संदेह के चलते आये दिन जितेन्द्र व उसकी पत्नी अनीता के बीच विवाद व झगडे होते रहते थे। 10 अगस्त की रात को पत्नी अनिता बरंडा कही चली गई थी इसके बाद कुछ घंटे बाद वापस लौटी थी ।

वही पत्नी के लौटने के बाद पति जितेंद्र व उसके बीच विवाद हो गया। और विवाद इतना बढ़ गया कि जितेंद्र ने खुरपी उठाकर अनिता के सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी थी। वही मौके से फरार हो गया था। 10 अगस्त की देर रात जितेंद्र कोतवाली थाने पहुचा ओर पुलिस को घटना के बारे में बताते हुए अपना जुर्म कबूला किया था। वही आज कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है

# वृद्ध महिला ने अपने ही घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या, दो माह पहले ही हुई थी पति की मौत

**सीमलवाडा।** डूंगरपुर जिले के चौरासी थाना क्षेत्र के गोरादा फला नई बस्ती में एक वृद्ध महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वृद्ध महिला के पति की दो माह पहले ही मौत हो गई। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नही हो पाया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया है। वही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के चौरासी थाने के थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया की थाना क्षेत्र के गोरादा फला नई बस्ती निवासी 30 वर्षीय नवलराम पिता अशोक अहारी ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में नवलराम अहारी ने बताया की वे दो भाई है। बड़ा भाई अहमदाबाद में मजदूरी करता है। उसके बड़े भाई का परिवार उसके परिवार व माँ के साथ रहता है। नवलराम ने बताया की उसकी पत्नी राखी के चलते पीहर गई हुई थी। वह खेत में था। इस दौरान उसके बच्चो ने खेत में आकर सुचना दी की उनकी दादी घर में फांसी पर लटकी हुई है। जिस पर नवलराम दौड़कर अपने घर पहुंचा और देखा की घर के अंदर उसकी माँ का शव लटका हुआ था। नवलराम ने मामले की सुचना आसपास के लोगो और चौरासी थाना पुलिस को दी। सुचना पर मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई वही चौरासी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने शव को मौके से उठवाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जहा पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। इधर पुलिस ने बताया की वृद्ध महिला के पति की भी दो माह पहले मौत हुई है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने बेटे की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मोदी सरकार ने देश को झूठ की संस्कृति में धकेला :कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार ने देश को झूठ की संस्कृति में धकेल दिया है। उसने लोगों से 2022 तक जो भी काम पूरे करने के वादे किए थे, उनमें से कोई भी पूरा नहीं हुआ है। कांग्रेस प्रवक्ता ने पार्टी मुख्यालय में कहा कि इस सरकार ने 2022 तक हर गरीब को घर देने, किसान की आय दोगुना करने और अहमदाबाद मुंबई के बीच बुलेट ट्रेन चलाने के कई वादे किए थे, लेकिन उनमें से कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ है। कांग्रेस सरकार ने खाद्य सुरक्षा की जो नीति बनाई थी, उसका फायदा देश के लोगों को कोरोना काल में मिला और मोदी सरकार उस कानून की वजह से गरीबों को मुफ्त राशन उपलब्ध करा सकी है। इसी तरह से गरीब परिवारों को 100 दिन का रोजगार देने की गारंटी का कानून कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने पास कराया और इस मनरेगा कानून से देश के लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। सरकार से सवाल किया कि पिछले 5 साल में सरकारी बैंकों 5 लाख 80 हजार करोड़ रुपए डूबे, उसके बारे में संसद में चर्चा कब होगी और वित्तमंत्री इस बारे में श्वेत-पत्र कब निकालेगी।

# खेलेगा राजस्थान, जीतेगा राजस्थान ऐतिहासिक होंगे राजीव गांधी ग्रामीण ओलिंपिक खेल : गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलिंपिक खेल किसी भी राज्य द्वारा आयोजित सबसे बड़ा ऐतिहासिक खेल आयोजन होगा। 29 अगस्त से शुरू होने वाले इस आयोजन में ना कोई विचारधारा होगी, ना कोई धर्म और ना ही कोई जात-पात। यह आयोजन राजस्थान में अभूतपूर्व खेल वातावरण तैयार करेगा, जिससे राजस्थान के गांव-ढाणी की खेल प्रतिभाओं को राज्य स्तरीय मंच मिलेगा और प्रदेश को भविष्य के लिए उभरते खिलाड़ी मिलेंगे। गहलोत शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजीव गांधी ग्रामीण ओलिंपिक खेल के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मित्रतापूर्ण खेलों से ग्रामीणों में आपसी सामंजस्य और सद्भाव बढ़ेगा। मैदान पर जब दादा-पोता और चाचा-भतीजा खेलने उतरेंगे तो रिश्तों में और मजबूती आएगी तथा गांवों में खेल भावना का विकास होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि रीट परीक्षा के दौरान प्रदेशवासियों ने जिस तरह परीक्षार्थियों की भोजन, आवास और अन्य सुविधाओं के लिए बढ़-चढ़कर सहयोग किया। उसी तरह ओलिंपिक खेलों में भी जन सहभागीदारी रहेगी। उन्होंने भामाशाहों, धर्म गुरूओं, स्वयंसेवी संस्थाओं से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए अपील की। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत, ब्लॉक, जिला और राज्य स्तरीय खेलों के



दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। इनमें राजस्थान की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जाएगी, ताकि हर व्यक्ति लाभान्वित हो सके। गहलोत ने संबंधित विभागीय अधिकारियों और जिला कलक्टर को खिलाड़ियों के लिए आवश्यक सुविधाओं को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। गहलोत ने कहा कि सभी जिला प्रभारी मंत्री जिला स्तरीय तथा विधायकगण ब्लॉक स्तरीय आयोजनों के उद्घाटन व समापन समारोह में उपस्थित रहेंगे। वे खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के साथ विजेता खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत करेंगे। आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधि, भामाशाह और क्षेत्र के गणमान्य लोग भी मौजूद रहेंगे। राजीव गांधी ओलिंपिक खेल में लगभग 30 लाख खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इसमें कबड्डी, खो-खो, टेनिसबॉल क्रिकेट, वॉलीबॉल, हॉकी और शूटिंग वॉलीबॉल खेल खेले जाएंगे। ओलिंपिक खेल की मशाल अभी तक 28 जिलों में पहुंच चुकी है। जिलों के बाद विजेता टीमों के बीच राज्य स्तरीय खेल जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में होंगे। बैठक में मुख्यमंत्री निवास पर शिक्षा मंत्री बुलाकी दास कल्ला, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री रमेश मीणा, खेल एवं युवा मामले मंत्री अशोक चांदना, उच्च शिक्षा मंत्री राजेन्द्र यादव, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के उपाध्यक्ष सतवीर चौधरी, मुख्य सचिव उषा शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा पवन कुमार गोयल, प्रमुख शासन सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, प्रमुख शासन सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग अपर्णा अरोड़ा, प्रमुख शासन सचिव कला साहित्य एवं संस्कृति गायत्री ए. राठौड़, शासन सचिव खेल एवं युवा मामले नरेश कुमार ठकराल, कॉलेज शिक्षा आयुक्त शुचि त्यागी, निदेशक माध्यमिक शिक्षा गौरव अग्रवाल उपस्थित रहे। इनके अलावा राजस्व मंत्री रामलाल जाट, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद की अध्यक्षा कृष्णा पूनिया सहित समस्त जिला कलक्टर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी व जिला खेल अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए जुड़े।